# चम्पारण ज्ञानाग्रह

प्रार्थना-सभा सामग्री, दिनांक– 19 फ़रवरी 2026, अंक –219.

प्रस्तुतिः- GOVT. PS बोदसर, बगहा-2, प. चम्पारण (10010803702)

सौजन्य :- "TEACHERS OF BIHAR - THE CHANGE MAKERS."




"आत्मसम्मान सबसे अनमोल धन है।"

— डॉ. भीमराव आंबेडकर



विद्यार्थियों की बौद्धिक और नैतिक उन्नति की ओर....

संपादकः- शैलेन्द्र कुमार



अनुभाग-1

# "प्रार्थना-सभा सामग्री"

## Thursday Prayer

मुझे इस दुनिया में लाया, मुझे बोलना चलना सिखाया
ओ मात पिता तुम्हे वंदन, मैंने किस्मत से तुझे पाया।

मैं जब से जग में आया, बन तब से शीतल छाया,
कभी सहलाया गोदी में, कभी कांधे पर है बिठाया।
मेरे सिर पर हाथ रख कर, बस प्यार ही प्यार लुटाया।
ओ मात पिता तुम्हे वंदन....

मैं उठाकर सर चल पाऊ, इस लायक तुमने किया है।
कहीं हाथ नहीं फैलाऊ, मुझे इतना तुमने दिया है।
मुझे जग की रीत सिखाई, मुझे धर्म का पाठ पढ़ाया।
ओ मात पिता तुम्हे वंदन....

मां-बाप की आंखों से मैं, आंसू बनकर ना गीरूगा।
मां बाप का दिल जो दुखा दे, मैं ऐसा कुछ ना करूंगा।
मां बाप के रूप में मैंने, भगवान को जैसे पाया।
ओ मात पिता तुम्हे वंदन ....

जब देव भी मात पिता के, उपकार चुका ना पाए।
नागोड़ा दरबार प्रदीप, किन शब्दों में गुण गाए।
मैं फर्ज निभा पाऊं तो, समझूंगा अश चुकाया।
ओ मात पिता तुम्हे वंदन ..

मुझे इस दुनिया में लाया मुझे बोलना चलना सिखाया।
ओ मात पिता तुम्हे वंदन, मैंने किस्मत से तुम्हें पाया।

## बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार ,
तुझको शत-शत वंदन बिहार..!

तू वाल्मीकि की रामायण
तू वैशाली का लोकतंत्र,
तू बोधिसत्व की करूणा है
तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप
तू हीं अक्षत चंदन बिहार

तू है अशोक की धर्मध्वजा
तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह
तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि
धरती का नंदन वन बिहार।

तेरी गौरव गाथा अपूर्व
तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान
अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार
मेरे भारत के कंठहार ॥

## राष्ट्रीय गीत (190 सेकंड)

वन्दे मातरम्।
सुजलां सुफलां मलयजशीतलाम्,
शस्यश्यामलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
शुभ्रज्योत्स्ना पुलकित यामिनीम्,
फुल्लकुसुमित द्रुमदलशोभिनीम्,
सुहासिनीं सुमधुर भाषिणीम्,
सुखदां वरदां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
कोटि-कोटि कण्ठ कलकल निनाद कराले,
कोटि-कोटि भुजैर्धृत खरकरवाले,
अबला केनो मा एतो बले?
बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीं,
रिपुदलवारिणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि विद्या, त्वं हि धर्म,
त्वं हि हृदि, त्वं हि मर्म,
त्वं हि प्राणाः शरीरे।
बाहुते त्वं मा शक्ति,
हृदये त्वं मा भक्ति,
तोमारइ प्रतिमा गढ़ि
मन्दिरे-मन्दिरे।
वन्दे मातरम्॥
त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी,
कमला कमलदलविहारिणी,
वाणी विद्यादायिनी नमामि त्वाम्।
नमामि कमलाम् अमलाम् अतुलाम्,
सुजलां सुफलां मातरम्।
वन्दे मातरम्॥
श्यामलां सरलां सुस्मितां भूषिताम्,
धरणीं भरणीं मातरम्।
वन्दे मातरम्॥

## राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
पंजाब-सिंधु-गुजरात-मराठा
द्रविड़-उत्कल-बंग।
विंध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा
उच्छल-जलधि-तरंग।
तव शुभ नामे जागे,
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय-गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे,
जय जय जय जय हे।।



संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर,
बगहा-2, प. चंपारण।

## संविधान की प्रस्तावना

हम, भारत के लोग,
भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों को: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए, तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में आज तारीख 26 नवम्बर, 1949 ई० (मिति मार्ग शीर्ष शुक्ल सप्तमी, संवत् दो हजार छह विक्रमी) को एतद् द्वारा इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं।

## मौलिक अधिकार

1. "समता का अधिकार (Right to Equality.)" - अनुच्छेद 14–18
2. "स्वतंत्रता का अधिकार - (Right to Freedom.)" - अनुच्छेद 19–22
3. "शोषण के विरुद्ध अधिकार (Right against Exploitation.)" - अनुच्छेद 23–24
4. "धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (Right to Freedom of Religion.)" - अनुच्छेद 25–28
5. "संस्कृति एवं शिक्षा संबंधी अधिकार (Cultural and Educational Right.)" - अनुच्छेद 29–30
6. "संवैधानिक उपचारों का अधिकार (Right to Constitutional Remedies.)" - अनुच्छेद 32

## मौलिक कर्तव्य

अनुच्छेद 51(क) – मौलिक कर्तव्य:
भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह –
(1.) संविधान का पालन करे और उसके आदर्शों, संस्थाओं, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे;
(2.) स्वतन्त्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आन्दोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शों को हृदय में संजोए रखे और उनका पालन करे;
(3.) भारत की प्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे;
(4.) देश की रक्षा करे और आह्वान किए जाने पर राष्ट्र की सेवा करे;
(5.) भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो; ऐसी प्रथाओं का त्याग करे जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं;
(6.) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परम्परा का महत्त्व समझे और उसका परिरक्षण करे;
(7.) प्राकृतिक पर्यावरण, जिसके अंतर्गत वन, झील, नदी और वन्य जीव हैं, की रक्षा करे और उसका संवर्धन करे तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखे;
(8.) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे;
(9.) सार्वजनिक सम्पत्ति की रक्षा करे और हिंसा से दूर रहे;
(10.) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरन्तर बढ़ते हुए प्रयत्नों द्वारा उन्नति की नई ऊँचाइयों को छू ले;
(11.) यदि वह माता-पिता या संरक्षक है, तो छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति, बच्चे या प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करे।

# वर्ग:- प्राथमिक (1 - 5) के लिए

# सामान्य-ज्ञान

1: अफगानिस्तान की राजधानी कहाँ है?
उत्तर:काबुल
प्रश्न 2: स्वतंत्र भारत के पहले कमांडर-इन-चीफ (थल सेनाध्यक्ष) कौन थे?
उत्तर:जनरल के.एम. करिअप्पा (जनरल कोडंडेरा मडप्पा करिअप्पा)
प्रश्न 3: 'विदेशिया' लोकनाट्य के रचयिता कौन है?
उत्तर: 'विदेशिया'लोक नाटक के रचयिता बिहार के महान भोजपुरी नाटककार, कवि, और कलाकार भिखारी ठाकुर हैं। इन्हें "भोजपुरी का शेक्सपियर" कहा जाता है।
प्रश्न 4: 15 और 25 का लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) क्या है?
उत्तर:75
प्रश्न 5: बिहार में 'कुशेश्वर स्थान' पक्षी अभयारण्य किस जिले में स्थित है?
उत्तर:दरभंगा जिला
प्रश्न 6: इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान, जो जंगली भैंसों के लिए प्रसिद्ध है, किस राज्य में है?
उत्तर:छत्तीसगढ़
प्रश्न 7: 19 फ़रवरी को किस महापुरुष की जयंती है ?
उत्तर: 19 फ़रवरी को भारत के महान शासक, मराठा साम्राज्य के संस्थापक और पहले छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती (जन्मदिवस) के रूप में मनाया जाता है।
प्रश्न 8: गूगल के वर्तमान CEO कौन है?
उत्तर:गूगल के वर्तमान CEO सुंदर पिचाई हैं। वें भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक हैं। इनका जन्म 10 जून 1972 को भारत के तमिलनाडु राज्य के मदुरै (चेन्नई) में हुआ था।
प्रश्न 9: 'लघु' का पर्यायवाची शब्द बताइए।
उत्तर:छोटा, अल्प, संक्षिप्त
प्रश्न 10: सौर ऊर्जा क्या है?
उत्तर : सौर ऊर्जा सूर्य से प्राप्त होने वाली ऊर्जा है। जब सूरज की रोशनी पीवी सेल (फोटोवोल्टाइक सेल) पर पड़ती है, तो सिलिकॉन से बने पैनल इसे सीधे विद्युत ऊर्जा में बदलते हैं।

संकलन:-



पिन्टू कुमार
विद्यालय अध्यापक
UHS रामपुर, बगहा-2

# शब्द - संगम

Keep (कीप) – रखना
Kept (केप्ट) – रखा
Kept (केप्ट) – रखा गया

Leave (लीव) – छोड़ना
Left (लेफ्ट) – छोड़ा
Left (लेफ्ट) – छोड़ा गया

Meet (मीट) – मिलना
Met (मेट) – मिला
Met (मेट) – मिला गया / मिला हुआ



संकलन:-
सौरभ कुमार
विद्यालय अध्यापक
Govt. UMS गोइती
बगहा-2, प. चम्पारण

# English गप-शप

मैं स्कूल पहुँच गया/गई। – I reached school.
मेरी कक्षा कहाँ है? – Where is my class?
यह मेरी सीट है। – This is my seat.
चलो पढ़ाई शुरू करें। – Let us start study.



सुनील कुमार राम
प्रधान शिक्षक
Govt. PS चिउटाहा
बगहा-2, प. चम्पारण

# "सामान्य-ज्ञान"(वर्ग:6-12)

1. 19 फरवरी को भारत में किस महान योद्धा की जयंती मनाई जाती है? (दिवस ज्ञान)
उत्तर: शिवाजी
व्याख्या: 19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई जाती है। उनका जन्म 1630 में शिवनेरी दुर्ग में हुआ था। उन्होंने मराठा साम्राज्य की स्थापना की और स्वराज की अवधारणा को सशक्त किया। उनकी प्रशासनिक व्यवस्था, किलेबंदी और गुरिल्ला युद्ध नीति भारतीय इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है।
संदर्भ: महाराष्ट्र सरकार प्रकाशन; आधुनिक भारतीय इतिहास स्रोत।

2. हाल ही में (फरवरी 2026) भारत ने किस देश के साथ 'प्रौद्योगिकी साझेदारी' पर सहमति व्यक्त की है? (समसामयिकी)
उत्तर: इज़राइल
व्याख्या: फरवरी 2026 के मध्य में भारत-इज़राइल के बीच एक महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इसके तहत कृषि प्रौद्योगिकी, जल प्रबंधन, ड्रोन तकनीक और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में दोनों देश मिलकर काम करेंगे। यह सहयोग 'मेक इन इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' अभियान को मजबूती प्रदान करेगा।
संदर्भ: पीआईबी विज्ञप्ति, फरवरी 2026; विदेश मंत्रालय।

3. "गीतांजलि" के रचयिता कौन हैं, जिसके लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार मिला? (पुस्तक-लेखक)
उत्तर: रवींद्रनाथ टैगोर
व्याख्या: "गीतांजलि" विश्वविख्यात कवि रवींद्रनाथ टैगोर की अमर कृति है। इस काव्य संग्रह के लिए उन्हें 1913 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया। यह बांग्ला भाषा में लिखी गई कविताओं का अंग्रेजी अनुवाद है, जिसमें ईश्वर के प्रति गहन आस्था, प्रकृति के प्रति प्रेम और मानवीय भावनाओं का अद्भुत चित्रण है।
संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 8 हिंदी (वसंत भाग 3)।

4. 'मीथेन' गैस के उत्सर्जन का प्रमुख प्राकृतिक स्रोत कौन सा है? (पर्यावरण)
उत्तर: आर्द्रभूमियाँ (वेटलैंड्स)
व्याख्या: मीथेन ($CH_4$) एक प्रमुख ग्रीनहाउस गैस है, जो कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में लगभग 25 गुना अधिक शक्तिशाली है। इसका प्रमुख प्राकृतिक स्रोत आर्द्रभूमियाँ (दलदल, कीचड़ युक्त क्षेत्र) हैं, जहाँ जीवाणुओं द्वारा जैविक पदार्थों के अपघटन से मीथेन उत्सर्जित होती है। अन्य स्रोतों में दीमक, भू-तापीय उत्सर्जन और गैस हाइड्रेट्स शामिल हैं। मानवजनित स्रोतों में धान के खेत, पशुपालन, कोयला खनन और लैंडफिल प्रमुख हैं।
संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 11 भूगोल, अध्याय 7 (प्राकृतिक संकट एवं आपदाएँ)।

5. सिंधु घाटी सभ्यता के किस प्रमुख स्थल से 'नर्तकी की कांस्य प्रतिमा' प्राप्त हुई है? (इतिहास)
उत्तर: मोहनजोदड़ो
व्याख्या: सिंधु घाटी सभ्यता के सबसे प्रसिद्ध स्थल मोहनजोदड़ो (सिंध, पाकिस्तान) से 'नर्तकी की कांस्य प्रतिमा' प्राप्त हुई है। यह लगभग 4500 वर्ष पुरानी है और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के संग्रहालय में सुरक्षित है। यह प्रतिमा अपनी उत्कृष्ट कारीगरी एवं सजीवता के लिए प्रसिद्ध है और दर्शाती है कि हड़प्पा के लोग धातुकर्म में अत्यंत निपुण थे।
संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 6 इतिहास, अध्याय 3 (प्रारंभिक नगर)।

# "सामान्य-ज्ञान"

6. भारत में 'हीराकुंड बांध' किस नदी पर स्थित है? (भूगोल)
उत्तर: महानदी
व्याख्या: हीराकुंड बांध ओडिशा राज्य में महानदी पर स्थित है। यह विश्व की सबसे लंबी मिट्टी का बांध (लगभग 26 किमी) है। इसका निर्माण 1957 में बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना के रूप में किया गया था। यह बांध बाढ़ नियंत्रण, सिंचाई और जलविद्युत उत्पादन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।
संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 10 भूगोल, अध्याय 3 (जल संसाधन)।

7. संविधान के किस अनुच्छेद के तहत 'राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग' का गठन किया गया है? (संविधान)
उत्तर: अनुच्छेद 338
व्याख्या: भारतीय संविधान का अनुच्छेद 338 राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के गठन का प्रावधान करता है। इस आयोग का कार्य अनुसूचित जातियों के लिए संवैधानिक सुरक्षा उपायों से संबंधित सभी मामलों की जाँच करना, उनके कार्यान्वयन का मूल्यांकन करना और राष्ट्रपति को रिपोर्ट प्रस्तुत करना है। 89वें संविधान संशोधन 2003 द्वारा अनुसूचित जनजातियों के लिए पृथक आयोग का गठन किया गया।
संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 11 राजनीति विज्ञान, अध्याय 2 (भारतीय संविधान में अधिकार)।

8. 'यूरिया' के निर्माण में प्रयुक्त प्रमुख गैस कौन सी है? (विज्ञान)
उत्तर: अमोनिया
व्याख्या: यूरिया एक प्रमुख नाइट्रोजन उर्वरक है, जिसका रासायनिक सूत्र $NH_2$-CO-$NH_2$ है। इसके निर्माण के लिए अमोनिया ($NH_3$) और कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) को उच्च तापमान एवं दाब पर अभिक्रिया कराई जाती है। अमोनिया का निर्माण हेबर विधि द्वारा नाइट्रोजन एवं हाइड्रोजन से किया जाता है। यूरिया में लगभग 46% नाइट्रोजन होता है, जो पौधों की वृद्धि के लिए आवश्यक है।
संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 9 विज्ञान, अध्याय 3 (परमाणु एवं अणु)।

9. 'पोंगल' त्योहार मुख्यतः किस राज्य में मनाया जाता है? (कला एवं संस्कृति)
उत्तर: तमिलनाडु
व्याख्या: पोंगल तमिलनाडु का एक प्रमुख फसल उत्सव है, जो मकर संक्रांति के अवसर पर प्रतिवर्ष 14-17 जनवरी के आसपास मनाया जाता है। यह चार दिनों तक चलने वाला पर्व है - भोगी पोंगल, थाई पोंगल, मट्टू पोंगल और कन्नुम पोंगल। इसमें नए चावल को दूध एवं गुड़ में पकाकर बनाया गया 'पोंगल' व्यंजन सूर्य देवता को अर्पित किया जाता है।
संदर्भ: एनसीईआरटी कक्षा 6 इतिहास, अध्याय 1 (क्या, कब, कहाँ और कैसे)।

10. बिहार के किस जिले में प्रसिद्ध 'रोहतासगढ़ किला' स्थित है? (बिहार सामान्य ज्ञान)
उत्तर: रोहतास
व्याख्या: रोहतासगढ़ किला बिहार के रोहतास जिले (तत्कालीन शाहाबाद) में सोन नदी के तट पर स्थित है। यह एक ऐतिहासिक दुर्ग है जिसका निर्माण शेरशाह सूरी के काल में सूरी वंश के सेनापति हाजी खाँ ने 1541 में करवाया था। कर्कटराज नामक स्थानीय राजा ने भी इस किले का निर्माण कराया था। यह किला अपनी भव्य वास्तुकला, विशाल दीवारों और ऐतिहासिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है।
संदर्भ: बिहार पर्यटन विभाग; एनसीईआरटी कक्षा 7 इतिहास, अध्याय 4 (मुगल साम्राज्य)।

# "सामान्य-ज्ञान"

11. सुरक्षित शनिवार (तृतीय शनिवार) के निर्धारित टॉपिक के अनुसार, 'भूमि संरक्षण' हेतु कृषि में कौन सी विधि सर्वाधिक प्रभावी है? (विद्यालय सुरक्षा)
उत्तर: समोच्च रेखीय जुताई (कंटूर प्लॉइंग)
व्याख्या: प्रस्तुत कैलेंडर के अनुसार, फरवरी माह के तृतीय शनिवार को "जलवायु परिवर्तन: जल एवं भूमि का संरक्षण, वायु प्रदूषण एवं पेड़-पौधों के संरक्षण" विषय पर जानकारी दी जाती है। भूमि संरक्षण हेतु कृषि में सर्वाधिक प्रभावी विधि 'समोच्च रेखीय जुताई' है। इसमें ढलान की दिशा में नहीं, बल्कि समोच्च रेखा (ढलान के समान ऊँचाई वाली रेखा) के समानांतर जुताई की जाती है। इससे पानी के बहाव की गति कम होती है, जल भूमि में समा जाता है और मृदा अपरदन नहीं होता। पट्टीदार खेती एवं मल्चिंग भी अन्य प्रभावी उपाय हैं।
संदर्भ: मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम (बिहार) फरवरी 2026 कैलेंडर; एनसीईआरटी कक्षा 8 भूगोल,

12. एलोरा, अजंता, महाबलीपुरम, कोणार्क शब्दों में से कौन-सा शब्द अन्य तीनों से भिन्न है? (मानसिक योग्यता)
उत्तर: अजंता
व्याख्या: दिए गए शब्द हैं - एलोरा, अजंता, महाबलीपुरम, कोणार्क। एलोरा, महाबलीपुरम और कोणार्क के मंदिर/गुफाएँ चट्टानों को काटकर बनाई गई हैं (रॉक-कट वास्तुकला), जबकि अजंता की गुफाएँ चट्टानों को काटकर नहीं, बल्कि चट्टानों को तराशकर बनाई गई हैं। अजंता मुख्यत: बौद्ध चित्रकला के लिए प्रसिद्ध है, जबकि अन्य तीन स्थल अपनी मूर्तिकला एवं वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध हैं।

GK संकलन:-
शैलेन्द्र कुमार
प्रधान शिक्षक
Govt. PS बोदसर
बगहा-2, प. चम्पारण |



अनुभाग-4

# -: शब्द - संगम :-

Famous (फेमस) = Well-known (वेल-नोन) = प्रसिद्ध
Antonym – Unknown (अननोन) = अज्ञात
Gentle (जेंटल) = Soft (सॉफ्ट) = नम्र / कोमल
Antonym – Rough (रफ) = कठोर
Honest (ऑनेस्ट) = Truthful (ट्रुथफुल) = ईमानदार
Antonym – Dishonest (डिसऑनेस्ट) = बेईमान
Improve (इम्प्रूव) = Enhance (एनहांस) = सुधार करना
Antonym – Worsen (वर्सन) = बिगाड़ना
Journey (जर्नी) = Trip (ट्रिप) = यात्रा
Antonym – Stay (स्टे) = ठहरना



~: संकलन :~
राकेश कुमार राव
प्रधानाध्यापक
PMश्री +2 NGY उच्च विद्यालय
वाल्मीकिनगर, बगहा-2 , प. चम्पारण |

# "आज का अख़बार"

## NATIONAL NEWS

**India AI Impact Summit 2026 enters Guinness World Records for highest number of student pledges for responsible AI use in 24 hours.**
**इंडिया AI इम्पैक्ट समिट 2026 ने 24 घंटों में जिम्मेदार AI उपयोग के लिए छात्रों के सबसे अधिक वादों के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में जगह बनाई।**

**Sundar Pichai at India AI Summit: India well-positioned in AI with no major impediments; Nvidia and OpenAI announce partnerships with Indian firms and universities.**
**सुंदर पिचाई ने इंडिया AI समिट में कहा: भारत AI में मजबूत स्थिति में, कोई बड़ी बाधा नहीं; Nvidia और OpenAI ने भारतीय कंपनियों और विश्वविद्यालयों के साथ साझेदारी की घोषणा की।**

**India and France elevate ties to Special Global Strategic Partnership; sign pact for HAMMER missiles manufacturing during Macron's visit.**
**भारत और फ्रांस ने संबंधों को स्पेशल ग्लोबल स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप स्तर तक ऊंचा किया; मैक्रों की यात्रा के दौरान HAMMER मिसाइल निर्माण के लिए समझौता।**

## INTERNATIONAL NEWS

**US-Iran nuclear talks in Geneva show some progress, but Iran's Khamenei maintains tough rhetoric warning to sink US warships in Gulf.**
**जेनेवा में अमेरिका-ईरान परमाणु वार्ता में कुछ प्रगति, लेकिन ईरान के खामेनेई ने खाड़ी में अमेरिकी युद्धपोत डुबोने की कड़ी चेतावनी जारी रखी।**

**Ukraine-Russia peace talks in Geneva end without major breakthrough on territory; Russia continues attacks on civilian targets.**
**यूक्रेन-रूस शांति वार्ता जेनेवा में क्षेत्रीय मुद्दे पर बिना बड़ी प्रगति के समाप्त; रूस ने नागरिक लक्ष्यों पर हमले जारी रखे।**

**Poland bans all Chinese-made vehicles from military sites citing security concerns amid rising China-EU tensions.**
**पोलैंड ने सुरक्षा चिंताओं के कारण सभी चीनी निर्मित वाहनों पर सैन्य स्थलों में प्रतिबंध लगाया, चीन-ईयू तनाव बढ़ने के बीच।**

## BIHAR NEWS

**Bihar signs MoUs worth ₹468 crore at India AI Impact Summit 2026, aiming to create over 10,000 jobs in emerging tech and skill development.**
**बिहार ने इंडिया AI इम्पैक्ट समिट 2026 में ₹468 करोड़ के MoU साइन किए, उभरती तकनीक और स्किल डेवलपमेंट में 10,000+ नौकरियां सृजित करने का लक्ष्य।**

**NDA allies urge Nitish Kumar to reconsider liquor prohibition policy due to significant financial losses and implementation flaws.**
**NDA सहयोगी नीतीश कुमार से शराब निषेध नीति पर पुनर्विचार की अपील, वित्तीय नुकसान और कार्यान्वयन में खामियों के कारण।**

## SPORTS NEWS

**T20 World Cup 2026: Pakistan qualifies for Super Eights with 102-run victory over Namibia; Sahibzada Farhan scores unbeaten century.**
**टी20 विश्व कप 2026: पाकिस्तान ने नामीबिया पर 102 रनों की जीत से सुपर 8 में जगह बनाई; साहिबजादा फरहान ने नाबाद शतक लगाया।**

**T20 World Cup 2026: South Africa beats UAE by 6 wickets to finish unbeaten in group stage; next faces India in Super Eights.**
**टी20 विश्व कप 2026: साउथ अफ्रीका ने यूएई को 6 विकेट से हराकर ग्रुप स्टेज में अपराजित रहा; सुपर 8 में भारत से भिड़ंत।**



**संकलन:-**
**शैलेन्द्र कुमार**
**प्रधान शिक्षक**
**रा.प्रा.वि. बोदसर,**
**बगहा-2, प. चम्पारण।**

**✍️संदेश:**

**"करेंट अफेयर्स का नियमित अध्ययन ही प्रतियोगी सफलता की सबसे मजबूत नींव है।"**

## प्रेरक निबंध

# "छत्रपति शिवाजी महाराज"

## (19 फरवरी जयंती विशेष)

भारत के इतिहास में अनेक वीर हुए, परंतु छत्रपति शिवाजी महाराज का नाम अद्वितीय है। उनका जन्म 19 फरवरी 1630 को शिवनेरी दुर्ग में हुआ। उनकी माता जीजाबाई ने बचपन से ही उनमें धर्म, साहस और स्वाभिमान के संस्कार डाले। यही संस्कार आगे चलकर उन्हें स्वराज्य का महान नायक बनाने वाले बने।

शिवाजी महाराज का जीवन हमें सिखाता है कि साहस केवल तलवार उठाने में नहीं, बल्कि अन्याय के विरुद्ध खड़े होने में है। उन्होंने उस समय स्वराज्य की स्थापना का संकल्प लिया जब देश पर विदेशी शासन था। उन्होंने छोटी-सी सेना के साथ अपनी बुद्धिमत्ता, संगठन शक्ति और गुरिल्ला युद्ध नीति के बल पर बड़ी-बड़ी शक्तियों को चुनौती दी।

उनकी सबसे बड़ी विशेषता थी—न्यायप्रियता और मानवता। वे सभी धर्मों का सम्मान करते थे। उन्होंने कभी किसी महिला या निर्दोष व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होने दिया। उनकी सेना में अनुशासन और देशभक्ति का विशेष महत्व था। वे अपने सैनिकों को केवल योद्धा नहीं, बल्कि राष्ट्र के रक्षक मानते थे।

शिवाजी महाराज दूरदर्शी प्रशासक भी थे। उन्होंने किलों का सुदृढ़ निर्माण कराया, नौसेना की स्थापना की और शासन व्यवस्था को व्यवस्थित बनाया। उनका उद्देश्य केवल विजय प्राप्त करना नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र और सुरक्षित राज्य बनाना था।

आज के युवाओं के लिए शिवाजी महाराज का जीवन एक प्रेरणा है। वे हमें सिखाते हैं कि आत्मविश्वास, अनुशासन और दृढ़ निश्चय से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। हमें भी उनके जीवन से प्रेरणा लेकर सत्य, साहस और राष्ट्रप्रेम का मार्ग अपनाना चाहिए।

**संदेश:**

यदि मन में स्वाभिमान और लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्प हो, तो परिस्थितियाँ चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, सफलता अवश्य मिलती है।



................✍️
**मनोज कुमार**
प्रधानाध्यापक
रा.म.वि.वाल्मीकिनगर
बगहा 2, प. चम्पारण।

# "शिक्षक संवर्धन"

## "छात्रों में पढ़ने की आदत कैसे विकसित करें ? "

19.02.2026

कम्प्यूटर, मोबाइल एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस दौर में आज हमारे छात्रों में पढ़ने की आदत धीरे -धीरे समाप्त होते जा रही है। छात्रों का सीखना ज्यादातर दृश्य एवं श्रव्य माध्यम आधारित हो गया है। आज विद्यालय में छात्रों में पढ़ने की आदत विकसित करना विद्यालय के लिए सबसे चुनौतीपूर्ण एवं जिम्मेदारी वाला कार्य हो गया है।

प्राथमिक और मध्य विद्यालय के स्तर पर यदि शिक्षक ईमानदारीपूर्वक प्रयास करें तथा छात्रों को सही माहौल दें तो छात्रों में स्वयं से पढ़ने की रुचि उत्पन्न होने लगती हैं। हमें विद्यालय में प्रतिदिन बोलकर पढ़ने का समय निर्धारित करना चाहिए। भाषा की घंटी में रोज़ पढने के लिये 10 मिनट का समय निर्धारित होना चाहिए। इसमें छात्रों को पाठ्य-पुस्तकों के अलावा कहानी, कविता या नाटक वाली पुस्तकें पढ़ने को दी जा सकती हैं। पढ़ने का समय शिक्षक निर्धारित करें तथा क्या पढ़ना है इसको छात्रों को निर्धारित करना चाहिए। जब छात्र पढ़ रहे हो उस समय शिक्षकों को भी साथ में पढ़ना चाहिए क्योंकि इससे छात्र अनुकरण कर पढ़ने की आदत डालेंगे।

सभी कक्षाओं में एक पठन कोना होना चाहिए, जहां एक छोटा पुस्तकालय भी बना सकते हैं। इसमें रंगीन चित्रकथा, कहानी की किताबें, बाल पत्रिका, समाचार पत्र आदि रख सकते हैं। सभी विद्यालयों में सप्ताह में एक दिन पुस्तक पठन से संबंधित गतिविधि या प्रतियोगिता का आयोजन होना चाहिए। गतिविधि में रोचकता और स्तर का ख्याल रखा जाना चाहिए। पठन गतिविधियों के आयोजन के क्रम में कक्षा 1–2 के छात्रों को चित्र वाली कहानी की पुस्तकें दी जानी चाहिए। कक्षा 3–5 के छात्रों को छोटी कहानियाँ, पंचतंत्र, प्रेरक प्रसंग वाली पुस्तकें दी जा सकती है। वहीं कक्षा 6–8 के छात्रों को बाल उपन्यास, महापुरूषों की जीवनी, सामान्य ज्ञान आधारित पुस्तके पढ़ने हेतु दी जानी चाहिए।

इसके अतिरिक्त विद्यालय में कहानी बनाने एवं सुनाने की गतिविधि एवं प्रतियोगिता आयोजित करने की आवश्यकता है। चेतना सत्र में कहानी एवं प्रेरक प्रसंग छात्रों से पढ़वाकर भी प्रयास किया जा सकता है। जो छात्र कहानी पढ़कर सुनाए वे उन कहानियों से संबंधित छोटे प्रश्न बाकी छात्रों से पूछ सकते हैं।इसके साथ विद्यालय के पुस्तकालय से माह में सबसे ज्यादा पुस्तकों को पढ़ने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया जा सकता है एवं उन्हें प्रमाणपत्र तथा प्रशंसा पत्र देकर अन्य छात्रों को पढ़ने हेतु प्रेरित किया जा सकता है। घर पर भी छात्र पढ़े इसके लिए अभिभावक के साथ बैठक कर सकते हैं। उन्हें कहा जा सकता है, कि वे घर पर अपने बच्चों को प्रतिदिन कम से कम आधे घण्टे पढ़ने की गतिविधि कराएं। हमें छात्रों को मोबाइल पर रील देखने की जगह पुस्तक पढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

विद्यालय की दीवारों एवं सूचना पट का उपयोग पढ़ने में कर सकते हैं। इसके लिए विद्यालय की दीवारों पर छोटे लेख, पहेलियाँ, विचार लिखा जाना चाहिए। विद्यालय के सूचना पट पर आज के प्रमुख समाचार, आज का शब्द, आज का विचार, प्रेरक प्रसंग आदि लिखा जाना चाहिए। हमें विद्यालय में छात्रों को प्रोत्साहित करके पढ़ने की आदत डालने की आवश्यकता है ताकि छात्रों को पढ़ना बोझ नहीं लगे बल्कि आनंद आए। तो आईए हम अपने विद्यालय के छात्रों में पढ़ने की आदत विकसित करने की दिशा में एक सकारात्मक एवं ठोस कदम बढ़ाए।

..................✍️

**मनोज कुमार झा**
प्रधानाध्यापक
राज़कीयकृत म.वि. सर्वोदय
बेतिया, प. चम्पारण।



# "परीक्षा पर चर्चा "

## "निरंतरता ही सफलता की कुंजी – परीक्षा के बीच ऊर्जा बनाए रख"

19.02.2026 बिहार बोर्ड की मैट्रिक परीक्षाएँ अब निरंतर चल रही हैं। कुछ पेपर हो चुके हैं, कुछ अभी शेष हैं। इस चरण में सबसे बड़ी चुनौती केवल पढ़ाई नहीं, बल्कि ऊर्जा और एकाग्रता को बनाए रखना है। कई विद्यार्थी शुरुआत में जोश के साथ तैयारी करते हैं, लेकिन बीच के दिनों में थकान, ऊब या हल्का तनाव महसूस करने लगते हैं। यही वह समय है जब संयम, संतुलन और निरंतरता सफलता की दिशा तय करते हैं।

माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने "परीक्षा पर चर्चा" में विद्यार्थियों को एक महत्वपूर्ण मंत्र दिया—"लंबी दौड़ में वही विजयी होता है जो निरंतरता बनाए रखता है।" परीक्षा भी एक लंबी दौड़ की तरह है। एक-दो पेपर अच्छे या सामान्य होने से पूरी यात्रा तय नहीं होती; असली सफलता तब मिलती है जब छात्र अंत तक अपना संतुलन और फोकस बनाए रखते हैं।

इन दिनों विद्यार्थियों को सबसे पहले अपनी दिनचर्या को संतुलित रखना चाहिए। देर रात तक जागकर पढ़ने के बजाय पर्याप्त नींद लेना अधिक उपयोगी है, क्योंकि थका हुआ मन पढ़ी हुई बातों को सही ढंग से याद नहीं रख पाता। सुबह का समय हल्के व्यायाम या टहलने से शुरू करें; इससे शरीर और मन दोनों ताज़गी महसूस करते हैं। इसके बाद योजनाबद्ध पुनरावृत्ति करें—कम विषय, लेकिन गहराई से। बार-बार नई चीजें पढ़ने की बजाय जो पढ़ चुके हैं, उसे मजबूत करना अधिक लाभदायक है।

परीक्षा के बीच के दिनों में मानसिक ऊर्जा बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है। हर पेपर के बाद खुद को छोटा-सा विश्राम दें, पसंदीदा संगीत सुनें या परिवार के साथ हल्की बातचीत करें। इससे मन का तनाव कम होता है और अगली तैयारी के लिए ऊर्जा मिलती है। अपने आप से सकारात्मक संवाद बनाए रखें—"मैं अच्छा कर रहा हूँ, मैं अंत तक अपना सर्वश्रेष्ठ दूँगा।" यह आत्मविश्वास ही आपकी सबसे बड़ी ताकत है।

अभिभावकों के लिए भी यह समय संवेदनशील है। बच्चों को लगातार पढ़ाई के लिए टोकने के बजाय उनके आराम और संतुलन का ध्यान रखें। हल्का, पौष्टिक भोजन और सकारात्मक वातावरण उन्हें मानसिक रूप से मजबूत बनाता है। शिक्षकों का मार्गदर्शन और प्रोत्साहन भी विद्यार्थियों की निरंतरता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

प्रिय विद्यार्थियों, याद रखें—परीक्षा केवल ज्ञान की नहीं, धैर्य और निरंतरता की भी परीक्षा है। जो विद्यार्थी अंत तक शांत, संतुलित और सकारात्मक रहते हैं, वही सच्ची सफलता प्राप्त करते हैं।

हर दिन को एक नए अवसर की तरह लें और पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। आपकी मेहनत, आपका धैर्य और आपकी निरंतरता ही आपको मंज़िल तक पहुँचाएगी।

जय हिंद ! जय बिहार ! 🇮🇳




................✍️
रवीन्द्र कुमार
ज़िला शिक्षा पदाधिकारी
प. चम्पारण, बेतिया।



Reg. No. BR/2025/0487469

# "चम्पारण-ज्ञानाग्रह"

**आइए, हम मिलकर छात्रों के ज्ञान, प्रेरणा और जिज्ञासा को नयी दिशा दें। 🌿🙏**

# Thank You..

**बच्चों के हितार्थ अपना बहुमूल्य समय देने के लिए...!!!**




**संपादक:-**

**शैलेन्द्र कुमार**

**'प्रधान शिक्षक'**

**Govt. PS बोदसर, बगहा-2, प. चम्पारण।**

**(10010803702)**

**📱-9939671700**


अगर आपके मन में कोई नया विचार, कोई इवेंट, कोई एक्टिविटी या किसी बदलाव की पहल है, तो कृपया टीम में बताइए।


+917250818080

teachersofbihar@gmail.com

+917250818080

www.teachersofbihar.org